पाठ -13
पुनः नया निर्माण करो
उत्तर एक वाक्य में

(क) कविता में सासं, आस तथा हर वस्तु नईक्यों है?
उ० कविता में सांस आस तथा हर वस्तु नई है क्योंकि यह नये प्रात्र की बात है.
(ख) कवि धरा के सपूतों को क्या कहकर संबोधित कर रहा है ?
उ० कवि धरा के सपूतों का नवीन निर्माण कहकर संबोधित कर रहा है .
(ग) कवि किस ध्वनि की बात कर रहा है ?
उ० कवि नूतन मंगलमय ध्वनि की बात कर रहा है.
(घ) कवि को क्यों लगता है कि धरती की काया सुंदर है ?
उ० कवि को लगता है कि धरती की काया सुंदर है क्योंकि हर तरफ कली खिली है और फूल मुस्कुरा रहे हैं .

उत्तर विस्तार में दीजिए

(क) कवि भारत के सपूतों को क्या संदेश दे रहे हैं?
उ० कवि भारत के सपूतों को नए देश , समाज के निर्माण का संदेश दे रहे हैं

(ख) कवि किसमें मुस्कान भरना चाहते हैं?

उ० कवि युग युग के मुरझाए फूलों में मुस्कान भरना चाहते हैं.

(ग) धरती मां क्या संदेश देती हैं?

उ० धरती मां संदेश देना चाहती हैं कि चारो और कली खिली है और फूल मुस्कुरा रहे हैं जिसमें भारत माता का शरीर सोने जैसा हो गया है.

(घ) बाग बगीचे किस प्रकार अपनी खुशियां व्यक्त कर रहे हैं ?

उ० बाग बगीचे में मंगलमय ध्वनियों से अपनी खुशियां व्यक्त करते हैं.

पाठ - 14

छोटा जादूगर

उत्तर एक वाक्य में दीजिए

(क) मेला कहां लगा था ?

उ० मेला कार्निवाल के मैदान में लगा था.

(ख) छोटे जादूगर के पिता कहां थे ?

उ० छोटे जादूगर के पिता जेल में थे .

(ग) लड़के ने कितनी बार गेंद पर निशाना लगाया ?

उ० लड़के ने बारह बार गेंद पर निशाना लगाया.

(घ) छोटे जादूगर का खेल देखकर लेखक क्या सोचने लगा ?

उ० छोटे जादूगर का खेल देखकर लेखक सोचने लगा कि बालक को आवश्यकता नेकितना शीघ्र चतुर बना दिया यही तो संसार है.

(ड) लेखक अंतिम बार छोटे जादूगर से कब मिला ?

उ० लेखक अंतिम बार छोटे जादूगर से उसकी मां के पास मिला .

(च) माँ ने छोटे जादूगर से क्या कहा ?

उ० माँ ने छोटे जादूगर से कहा, -" आज तुम जल्दी चले आना , मेरी घड़ी समीप है.

उत्तर एक विस्तार में

(क) छोटे जादूगर के मुंह पर कैसे भाव दृष्टिगोचर हो रहे थे?
उ० छोटे जादूगर के मुहं पर गंभीर विषाद के साथ धैर्य के भाव दृष्टिगोचर हो रहे थे .

(ख) जादूगर किस तरह के खेल दिखाकर पेट भरता था ?
उ० जादूगर ताश के पत्तों और खिलौनों के द्वारा तरह-तरह के खेल दिखाकर अपना पेट भरता था .

(ग) छोटे जादूगर को अल्पायु में ही जीविकोपार्जन कयो करना पड़ा?
उ० छोटे जादूगर को बहुत कम उम्र में ही जीविका का उपाजन इसलिए करना पड़ा, क्योंकि उसके पिता देश के लिए जेल जा चुके थे और मां बहुत बीमार थी . अतः परिवार में कमाने वाला और कोई नहीं था .

(घ) उस दिन रंगमंच पर जादू का खेल दिखाते समय जादूगर की वाणी में वह प्रसन्नता क्यूँ नहीं थी ?
उ० उस दिन रंगमंच पर जादू का खेल दिखाते समय जादुगर की वाणी में वह प्रसंन्नता इसलिए नही थी क्योंकि उसकी मां बहुत अधिक बीमार थी.

(ड) छोटा जादूगर तमाशा क्यों दिखाना चाहता था?
उ० छोटे जादूगर की मां की तबीयत बहुत खराब थी और उसके दवा एवं कंबल की आवश्यकता थी इसलिए वह